आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 09.04.2022

आरेडिका में हुआ स्विमिंगपूल का भव्य शुभारम्भ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के प्रशान्ति परिसर में स्थिति अलकनन्दा स्विमिंगपूल का शुभारम्भ दिनांक 08.04.2022 को वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में आरेडिका खेल–कूद शाखा के सहयोग से किया गया ।

आरेडिका के महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस. कलसी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए रेल कर्मी के बच्चों को साथ लेकर फीता काट कर स्विमिंगपूल का शुभारम्भ किया। श्री कलसी ने अपने सम्बोधन में कहा कि, इसके प्रारम्भ होने से गर्मियों के मौसम में रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को जलक्रीडा़ और प्राकृतिक व्यायाम का अवसर अपने आवासीय परिसर में ही उपलब्ध हो जाएगा, इसके लिए किसी बड़े शहर में जाने की आवश्यता नहीं होगी, इससे कर्मचारियों के समय,साधन और धन तीनों की बचत होगी ।

स्विमिंगपूल के शुभारम्भ के अवसर पर आरेडिका के खेल–कूद शाखा के द्वारा तैराकी की एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे कर्मचारियों के बच्चों ने प्रतिभाग किया, इस तैराकी प्रतियोगिता में निर्भय प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आरेडिका महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ।

इस अवसर पर आरेडिका के खेल–कूद संघ के जनरल सेक्रेटरी श्री एस. एस.कैरो सहित आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

09/4/2022
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी